932

# 825 (BV)

## 2019

## सामाजिक विज्ञान

### केवल प्रश्न-पत्र

### (ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों — क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों को एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।*

*(iv) प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं — बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं ।*

*(v) क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।*

*(vi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।*



## खण्ड क

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** *निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**1.** माइकेलएंजेलो था एक 1

(अ) चित्रकार (ब) कवि

(स) वैज्ञानिक (द) नाटककार

**2.** रूसो सम्बन्धित था 1

(अ) गौरवपूर्ण क्रान्ति से

(ब) औद्योगिक क्रान्ति से

(स) रूसी क्रान्ति से

(द) फ्रांसीसी क्रान्ति से

**3.** प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ 1

(अ) 1914 ई. में (ब) 1916 ई. में

(स) 1918 ई. में (द) 1920 ई. में

**4.** बंगाल में 'द्वैध शासन' स्थापित करने वाला था 1

(अ) लॉर्ड कॉर्नवालिस (ब) लॉर्ड वेलेज़ली

(स) रॉबर्ट क्लाइव (द) वारेन हेस्टिंग्स

**5.** राज्य सभा का सदस्य होने के लिए न्यूनतम निर्धारित आयु है 1

(अ) 21 वर्ष (ब) 25 वर्ष

(स) 30 वर्ष (द) 35 वर्ष

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा संघीय क्षेत्र *नहीं* है ? 1

(अ) दमन

(ब) गोवा

(स) लक्षद्वीप

(द) अण्डमान-निकोबार

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

7. मार्टिन लूथर किस देश का निवासी था ? उसने रोमन कैथोलिक धर्म का विरोध क्यों किया ? *1+1*

8. लोक अदालतों के कोई दो लाभ लिखिए । *1+1*

9. नेशनल कैडेट कोर (एन.सी.सी.) को रक्षा सेना की प्रारम्भिक पाठशाला क्यों कहा जाता है ? कोई दो कारण लिखिए । *1+1*

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

10. 'औद्योगिक क्रान्ति' से क्या तात्पर्य है ? यातायात के साधनों में किन आविष्कारों द्वारा अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ ? *1+2*

**अथवा**

नेपोलियन कौन था ? उसने मुख्यत: किन देशों पर अधिकार कर लिया ? उसकी पराजय कहाँ हुई ? *1+1+1*

11. आधुनिक काल में नि:शस्त्रीकरण की नीति अपनाना क्यों आवश्यक हो गया है ? इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र क्या प्रयास कर रहा है ? *2+1*

**अथवा**

'पंचशील' क्या है ? इसके सिद्धान्तों को संक्षेप में समझाइए । *1+2*



## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. उन्नीसवीं शताब्दी में भारत में राष्ट्रीय जागरण में सहायक मुख्य तत्त्व क्या थे ? किन्हीं चार तत्त्वों पर विस्तृत प्रकाश डालिए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा**

क्रान्तिकारियों और इन्डियन नेशनल कांग्रेस की नीतियों में क्या अन्तर था ? चन्द्रशेखर आज़ाद और भगत सिंह के कार्यों का उल्लेख कीजिए । *2+2+2*

13. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ? इसके किन्हीं चार सिद्धान्तों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए । *2+4*

**अथवा**

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *3+3*

(अ) संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद्

(ब) दक्षिण एशियायी क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस)

## (मानचित्र-कार्य)

14. निम्नलिखित स्थानों को **भारत** के दिए गए रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है ।

(i) वह नगर जहाँ वास्को-डि-गामा ने भारत में प्रवेश किया था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) उत्तराखण्ड का वह नगर जहाँ कुम्भ मेले का आयोजन होता है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह नगर जहाँ बेगम हज़रत महल ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध विद्रोह का झण्डा खड़ा किया । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह नगर जहाँ संविधान सभा के अधिवेशन होते थे । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह नगर जो निज़ाम के राज्य की राजधानी थी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) वास्को-डि-गामा ने भारत के किस नगर में प्रवेश किया था ? 1

(ii) उत्तराखण्ड के किस नगर में कुम्भ मेले का आयोजन होता है ? 1

(iii) बेगम हज़रत महल ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध किस नगर में विद्रोह का झण्डा खड़ा किया था ? 1

(iv) संविधान सभा के अधिवेशन किस नगर में होते थे ? 1

(v) निज़ाम के राज्य की राजधानी किस नगर में थी ? 1



## खण्ड ख

**(बहु-विकल्पीय प्रश्न)**

**निर्देश :** *निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**15.** नंदा देवी पर्वत चोटी स्थित है 1
(अ) जम्मू और कश्मीर में
(ब) हिमाचल प्रदेश में
(स) असम में
(द) उत्तराखण्ड में

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 2004 में सुनामी लहरों से प्रभावित हुआ था ? 1
(अ) महाराष्ट्र (ब) कर्नाटक
(स) तमिल नाडु (द) गुजरात

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश विकासशील देश है ? 1
(अ) जापान (ब) नॉर्वे
(स) कनाडा (द) चिली

**18.** सूती वस्त्र उद्योग सम्बन्धित है 1
(अ) कृषि से (ब) बागवानी से
(स) वृक्षारोपण से (द) खनन से

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सी कृषि निविष्टि है ? 1
(अ) भाड़े का श्रम (ब) बीज
(स) सिंचाई (द) उपर्युक्त सभी

**20.** हथकरघा है 1
(अ) कुटीर उद्योग
(ब) भारी इंजीनियरिंग उद्योग
(स) लघु उद्योग
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. विकासशील देशों के आर्थिक विकास की कोई दो समस्याएँ बताइए । $1+1$

22. आयात और निर्यात व्यापार से आप क्या समझते हैं ? $1+1$

23. पूँजी के कोई दो लक्षण बताइए । $1+1$

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों पर प्रकाश डालिए । $1+1+1$

**अथवा**

भारतीय कृषि की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए । $1+1+1$

25. भारत में नीति आयोग के कोई दो उद्देश्यों को बताइए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा**

भारतीय रिजर्व बैंक के कोई तीन कार्य बताइए । $1+1+1$

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. भारत के दक्षिणी पठार का वर्णन निम्न शीर्षकों में कीजिए : $2+2+2$
    - (अ) उच्चावच
    - (ब) जल प्रवाह
    - (स) वनस्पति

**अथवा**

बहु-उद्देशीय नदी-घाटी परियोजना से आप क्या समझते हैं ? इसके दो महत्त्वों का वर्णन कीजिए । $2+2+2$

27. बाज़ार किसे कहते हैं ? समय के आधार पर बाज़ार का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए । $2+4$

**अथवा**

भारतीय कृषि में सुधार के लिए कौन-कौन-से उपाय किए जाने चाहिए ? कोई तीन उपाय सुझाइए । 6



### (मानचित्र-कार्य)

*निर्देश : भारत के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए ।*

28. (i) यमुना नदी चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) भोपाल नगर ● चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) पश्चिमी समुद्री तट पर स्थित एक समुद्री पत्तन नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) अरावली पर्वत चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) काली मिट्टी का क्षेत्र चिह्न द्वारा । 1

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी का नाम बताइए । 1

(ii) दक्षिण भारत की दो नदियों के नाम बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) चाय उत्पादक दो राज्यों के नाम बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) चीनी उद्योग के दो केन्द्रों के नाम बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) कोरबा कोयला क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ? 1